हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 19 अप्रैल 2026

06 भीषण गर्मी में पशु पक्षियों के लिए पंचतत्व ने शहर में रखे...




09 जैन समाज की बेटी स्वसित ने सीबीएसई बोर्ड में हासिल...





## खबर संक्षेप

### आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी आज

**विदिशा।** रविवार को दोपहर 12 बजे भाजपा कार्यालय में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी होगी। इसमें उनके जीवन, प्रेरणादायक कार्यों तथा देश एवं समाज में उनके योगदान पर चर्चा होगी। वक्ता के रूप में विधायक मुकेश टंडन एवं हरि सप्रे रहेंगे।

### एथलेटिक्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी गठित

**विदिशा।** विदिशा मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन निर्विरोध रूप से किया गया। कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे। संरक्षक के रूप में रुद्र प्रताप सिंह, नारायण सिंह कुशवाह, अशोक खरे एवं गिरीश सक्सेना के नाम तय किए गए। अध्यक्ष पद पर शिव कुमार लोधी निर्विरोध चुने गए, जबकि सचिव नारायण सिंह तोमर एवं कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत बनाए गए। अन्य पदों पर भी चयन हुआ।

### आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर 21 को दिया जाएगा ज्ञापन

**विदिशा।** भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर 21 अप्रैल को दोपहर 1:30 बजे कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। विभिन्न विभागों में कार्यरत ठेका, आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु ठोस नीति बनाने, सामाजिक सुरक्षा व उचित वेतन सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। श्रम कानूनों का पालन, ओवरटाइम भुगतान, वेतन सीधे विभाग से दिलाने, समय पर भुगतान व वेतन पर्ची देने की मांग प्रमुख है।

### डिजिटल तरीके से होगी जनगणना के लिए तीन चरणों में कर्मचारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

## दो चरणों में जनगणना: मकानों की 30 मई तक, जनसंख्या की फरवरी 2027 से होगी

> जनगणना से संबंधित सभी जानकारियां गोपनीय रखी जाती हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



**विदिशा।** जनगणना के संबंध में जानकारी देते हुए अपर कलेक्टर डामोर।

जनगणना कार्य की पारदर्शिता एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभागार में शनिवार को पत्रकार वार्ता आयोजित कर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी अनिल कुमार डामोर ने जनगणना से जुड़े महत्वपूर्ण मापदंडों, प्रक्रियाओं एवं समय-सीमा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना राष्ट्र निर्माण का आधार है और इसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। डामोर ने बताया कि जनगणना 2027 अंतर्गत प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा।

द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना फरवरी 2027 से शुरू होगी। बेघर परिवारों की गणना भी द्वितीय चरण में की जाएगी। इस दौरान नागरिकों से 33 प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे। द्वितीय चरण में मार्च 2027 से जनसंख्या की गणना प्रारंभ होगी, जिसमें बेघर परिवारों की गणना भी शामिल रहेगी। जिले की संभावित जनसंख्या 16 लाख 89 हजार 588 आंकी गई है, जबकि संभावित मकानों की संख्या 2 लाख 99 हजार 676 है। जनगणना कार्य के लिए 18 चार्ज अधिकारी, 9 अतिरिक्त चार्ज गणना अधिकारी, 2878 एचएलबी, 361 सुपरवाइजर सर्कल, 406 पर्यवेक्षक, 57 फील्ड ट्रेनर्स तथा 2459 प्रगणक नियुक्त किए गए हैं। प्रगणकों के लिए 66 प्रशिक्षण बैच बनाए गए हैं। प्रथम चरण का प्रशिक्षण 15 से 17 अप्रैल तक पूर्ण हो चुका है, जबकि द्वितीय और तृतीय चरण का प्रशिक्षण 21 से 23 अप्रैल तथा 24 से 26 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

इस बार की जनगणना पूरी तरह डिजिटल प्रणाली पर आधारित होगी। सीएमएस पोर्टल के माध्यम से कार्यों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। एप से मकान सूचीकरण तथा जनसंख्या संबंधी आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे। इससे समय की बचत, सटीक जानकारी और तेज डेटा संग्रहण संभव होगा।

### जिले के नागरिक कर सकेंगे स्व-गणना

अपर कलेक्टर ने बताया कि 16 से 30 अप्रैल तक नागरिक Se.Census.gov.in वेबसाइट के माध्यम से स्व-गणना कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना से संबंधित सभी जानकारियां गोपनीय रखी जाती हैं और उनका उपयोग केवल नीतिगत योजना निर्माण हेतु किया जाता है।

### यातायात विभाग ने वाहन चालकों पर सख्ती शुरू की

**विदिशा।** शादियों का सीजन आते ही बाजार में ठेलों की संख्या दोगुनी हो जाती है। सड़क पर ठेले खड़े कर व्यापार करने रोज जाम लग रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए अब यातायात विभाग द्वारा सख्ती शुरू कर दी गई है। बेतरतीव खड़े वाहनों के चालान बनाए जा रहे हैं।

## गर्मी में धरने पर बैठे एसएटीआई के कर्मचारियों में बढ़ रहा आक्रोश

**विदिशा।** चिलचिलाती धूप के बीच एसएटीआई के कर्मचारी पिछले 13 दिनों से धरने पर बैठे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले 7 माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। इस हड़ताल के कारण कॉलेज का सामान्य कामकाज ठप हो गया है और लगभग 850 विद्यार्थियों की



पढ़ाई प्रभावित हो रही है। लेकिन अब तक प्रबंधन और शासन की ओर से कोई ठोस पहल सामने नहीं आई है। दो दिन के अवकाश के बाद मंगलवार तक समाधान निकलने की संभावना जताई जा रही है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन संस्था परिसर से बाहर शहर की सड़कों तक ले जाया जाएगा। गर्मी के बावजूद कर्मचारियों में भारी आक्रोश बना हुआ है।

### बैंक सुरक्षा पर पुलिस का कड़ा एक्शन, जिलेभर में चला व्यापक रिव्यू अभियान

## पुलिस ने बैंकों में जाकर देखी सुरक्षा व्यवस्था, कई में लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



बैंकों में डकैती व एटीएम कटिंग की हालिया घटनाओं के मद्देनजर जिले में बैंक सुरक्षा को लेकर व्यापक रिव्यू अभियान चलाया गया।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन व एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के बैंकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गार्ड की उपस्थिति, अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कैश व लॉकर सुरक्षा, विद्युत व जनरेटर व्यवस्था, इमरजेंसी नंबर तथा डबल गेट सिस्टम की चेकलिस्ट के आधार पर जांच की गई।

जिन बैंकों में सुरक्षा मानक अधूरे पाए गए, उन्हें सुधार के निर्देश दिए गए। साथ ही बैंक प्रबंधकों और सुरक्षा कर्मियों के संपर्क नंबर अपडेट कर समन्वय मजबूत किया गया तथा क्षेत्रवार व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सतत संवाद की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

**कोतवाली में बैंक सुरक्षा बैठक में एसपी ने दिए सख्त निर्देश:** विदिशा। कोतवाली परिसर में शहर के सभी बैंक मैनेजरों की बैठक आयोजित हुई। एसपी रोहित काशवानी ने सीसीटीवी कैमरे उच्च गुणवत्ता के व सक्रिय रखने, अलार्म सिस्टम चालू रखने और प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड तैनात करने के निर्देश दिए। डबल गेट व्यवस्था, सुरक्षित लॉकर, चेस्ट, इमरजेंसी नंबर डिस्प्ले तथा संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने पर जोर दिया गया। पुलिस-बैंक समन्वय हेतु व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्णय हुआ। बैठक में सीएसपी अतुल सिंह सहित थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## स्प्रिंगफील्ड स्कूल ने जीती प्रो. केसी नायर फुटबॉल ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




स्टेडियम आयोजित स्वर्गीय प्रोफेसर केसी नायर अंतर विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक समापन हुआ। फाइनल में स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल ने ट्रिनिटी कान्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल को 2-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।

सेमीफाइनल में ट्रिनिटी ने वात्सल्य स्कूल को 3-0 से और स्प्रिंगफील्ड ने साकेत एमजीएम को पेनल्टी शूटआउट में पराजित किया। फाइनल के पहले दस मिनट में शौर्य ने कॉर्नर से गोल कर बढ़त दिलाई, जबकि दूसरे हाफ में विवेक ने शानदार गोल दागकर जीत पक्की की। समापन समारोह में मनोज कटारे, अतुल शाह सहित अन्य अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया। मोहित (साकेत) बेस्ट स्ट्राइकर, अभिनव गोयल बेस्ट डिफेंडर, स्पर्श कुमार बेस्ट गोलकीपर और शौर्य कृष्णन मैन ऑफ द मैच चुने गए। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-5700
सरसों
न्यूनतम भाव-4010
उच्चतम भाव-7000
चना
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-5370
मसूर
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-8310
शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4385
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2050
उच्चतम भाव-2772
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2150
उच्चतम भाव-2250
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2430
उच्चतम भाव-2970
तुअर
न्यूनतम भाव-2430
उच्चतम भाव-2970
धनिया
न्यूनतम भाव-9400
उच्चतम भाव-14100
धान
न्यूनतम भाव-4350
उच्चतम भाव-4350
बटरी
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3800
मटर
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3751

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 21168 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### बैठक आयोजित

**गंजबासौदा।** श्री शनि देव शक्ति धाम बरीघाट रोड पर 9 से 16 मई तक संपन्न किए जा रहे नवग्रह शांति युग नवग्रह प्रवचन हेतु गांधी चौक स्थित राम जानकी मंदिर में व्यवस्था संबंधित बैठक की गई जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि यज्ञ,सत्संग प्रवचन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। नवग्रह शांति करने के लिए धर्म प्रेमी यजवान बन सकते हैं सभी ग्रहों की शांति के लिए अलग-अलग हवन पूजन सामग्री श्री शनि देव शक्ति धाम द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, साथ ही जल, आवागमन, लाइट व अन्य व्यवस्थाएं व्यवस्थित होगी। भक्तों को गर्मी से राहत के लिए टेंट व कूलर का इंतजाम किया जाएगा। श्री शनि देव शक्ति धाम द्वारा निर्णय लिया गया है कि जो भी भक्त यज्ञ में हिस्सा ले रहे हैं वे वेदी पर बैठने हेतु 7 दिन पूर्व जानकारी ले। शनि देव शक्ति धाम के संस्थापक ने बताया कि भारतीय सिंधु महासभा द्वारा प्रतिदिन शीतल जल सेवा प्रदान की जाएगी। यज्ञ,नवग्रह सत्संग पंडित केशव प्रसाद शास्त्री के मुखारविंद से संपन्न होगा। बैठक में पंडित केशव प्रसाद शास्त्री ,दिनेश दंडोतिया, गोपाल प्रसाद शर्मा, भारत पाठक, डॉक्टर अशोक रोहिले, सुनील बाबू पिंगले, विजय अरोरा, शिव प्रसाद श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# विधायक ने की अपने मकान व परिवार की स्वगणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गंजबासौदा, त्योंदा, ग्यारसपुर विधानसभा में जनगणना के प्रथम चरण, मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना अंतर्गत एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने अपने आवास पर अपने परिवार की स्वगणना कर अधिकारी, कर्मचारियों एवं नागरिकों को अपने मकानों की स्व गणना करने के लिए प्रेरित किया। यहां उल्लेखनीय है कि जनगणना के प्रथम चरण में 1 से 30 मई तक मकान का सूचीकरण एवं मकान की गणना का कार्य प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के समन्वय से घर घर जाकर किया जाएगा। इससे पूर्व 16 से 30 अप्रैल तक स्व गणना की जाना है जो वैकल्पिक है। नागरिक



यदि चाहें तो पोर्टल पर जाकर स्व गणना कर सकते हैं। जिससे उनके समय की बचत होगी एवं सही जानकारी सरकार तक पहुंचेगी।

इस अवसर पर तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी अरविंद यादव, जिला फील्ड ट्रेनर अभय कुमार शर्मा एवं चंद्रशेखर राजपूत, आशु खान आदि उपस्थित थे।

### गेहूं स्लॉट बुकिंग, सैटेलाइट द्वारा असत्यापित, दो हेक्टेयर के ऊपर के किसानों की स्लॉट बुकिंग की मांग

# किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकिसं ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

**शनिवार को भारतीय किसान संघ ने समर्थन मूल्य खरीदी में आने वाली समस्यायों को लेकर दोपहर के समय केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम तहसीलदार अरविंद यादव को ज्ञापन सौंपा।**





भारतीय किसान संघ कार्यकर्ता पुरानी मंडी में एकत्रित हुए और वहां से रैली निकालकर तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि गेहूं स्लाट बुकिंग में आ रहीं समस्या जैसे सैटेलाइट द्वारा असत्यापित को दूर किया जाए एवं दो हेक्टेयर से ऊपर वाले किसानों के भी स्लाट बुकिंग शुरू कराया जाए, या वैकल्पिक व्यवस्था कर गेहूं खरीदा जाए। बारिश के कारण गेहूं की चमक खराब हो गई है उसे भी खरीदा जाए, चना एवं मसूर तुलाई में बायोमेट्रिक सिस्टम के साथ साथ पिछले वर्ष की तरह ओटीपी सिस्टम भी मान्य किया जाए। चने में तेवड़ा की मात्रा 0%से बढ़ाकर 5%की जाए। जब मंडी में तेवड़ा की नीलामी होती है तो चने में मिलावट को प्रतिबंधित क्यों किया गया है। चना मसूर की खरीदी में केन्द्रों पर केन्द्र प्रभारियों की मनमानी से किसान परेशान हैं 0% तेवडा तो बहाना है। FAQ के मापदंड का भी पालन नहीं किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। गत 30 मार्च से आज तक शासन प्रशासन के द्वारा कोई समीक्षा नहीं की जा रही कि आज तक कितनी तुलाई हुई है। तुलाई शीघ्र सुचारू की जाय। मुख्यमंत्री डेरी प्लस योजना में जनवरी में 125000 प्रति किसान राशि जमा कराई गई है और अब जुलाई में भैंसें देने का बोला जा रहा है, किसानों द्वारा राशि वापिस की मांग की गई है। आवेदन भी ले लिया गया है राशि शीघ्र वापिस की जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि उपरोक्त मांगों का शीघ्र निराकरण न होने पर भारतीय किसान संघ धरने पर बैठने के लिए बाध्य होगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में संभागीय उपाध्यक्ष भगवान सिंह रघुवंशी, राजेश श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंह रघुवंशी, भगतसिंह रघुवंशी, भवानी शंकर शर्मा, देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, जसवंत सिंह रघुवंशी, लखन सिंह मीणा ,राजपाल यादव, घनश्याम सिंह रघुवंशी, लोकेन्द्र सिंह रघुवंशी,जसवंत सिंह रघुवंशी सहित अनेक किसान मौजूद थे।

# भीषण गर्मी में पशु पक्षियों के लिए पंचतत्व ने शहर में रखे जलपात्र और सकोरे




**गंजबासौदा।** बढ़ते तापमान और आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए 'पंचतत्व संरक्षण समिति' ने मूक पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने का बीड़ा उठाया है। समिति द्वारा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं के लिए पानी की हौदियां रखी जा रही हैं। साथ ही, पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह सेवा कार्य पिछले कई वर्षों से निरंतर जारी है। भीषण गर्मी में पानी के अभाव में बेजुबान पशु-पक्षी दम न तोड़ें, इसी उद्देश्य के साथ यह पुण्य कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में समिति के सदस्यों का भी बड़ा योगदान रहता है। इसी तारतम्य में समिति ने दो होदी राधाकृष्ण पुरम कालोनी में रखीं जिनको भरने की जवाबदारी समिति सदस्य अनिता जगदीप सिंह राजपूत और पूजा प्रशांत शर्मा ने ली। समिति ने आमजन से भी अपील की है कि वे अपने घरों की छतों और दरवाजों पर पानी भरकर रखें ताकि कोई भी जीव प्यासा न रहे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, जगदीप सिंह अनीता सिंह, पूजा प्रशांत शर्मा,भूपेंद्र ठाकुर, रोहित यादव और अन्य वार्डवासी मौजूद थे।

## भगवान परशुराम जयंती के पूर्व निकाली वाहन रैली, रेणुका पूजन किया

**गंजबासौदा।** नगर में भगवान परशुराम जयंती मनाने को लेकर ब्राह्मण समाज द्वारा तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी को लेकर शनिवार को ब्राह्मण समाज धर्मशाला बैदनखेडी में माता रेणुका का पूजन और सुहागलों का आयोजन हुआ। वहीं शाम को नगर में विशाल वाहन रैली निकाली गई। अब रविवार 19 अप्रैल को शाम को भगवान परशुराम जयंती का भव्य चल समारोह निकाला जाएगा।






## मेडिकल स्टोर्स पर छापामार कार्रवाई की

**गंजबासौदा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार एवं एसडीएम अनुभा जैन के मार्गदर्शन में नगर के मेडिकल स्टोर्स का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान तीन मेडिकल स्टोर्स में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर प्रशासन ने कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान नई बस स्टैंड स्थित दिव्यांका मेडिकल स्टोर को तत्काल प्रभाव से सीलबंद कर दिया गया। जांच में पाया गया कि दुकान का रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट अनुपस्थित था, साथ ही दवाइयों का कोई विधिवत सेल्स रिकॉर्ड भी संधारित नहीं किया जा रहा था। दुकान का ड्रग लाइसेंस भी एक्सपायर हो चुका था, जिसका नवीनीकरण नहीं कराया गया था। इसी प्रकार गौर मेडिकल स्टोर, पचमा रोड एवं कृतिका मेडिकल स्टोर, इमली चौराहा को थोक दवा विक्रय का लाइसेंस तो स्वीकृत है, लेकिन निरीक्षण के दौरान यहां भी दवाइयों के विक्रय का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं पाया गया। संबंधित संचालकों को दुकान में संग्रहित दवाइयों के क्रय एवं विक्रय से संबंधित बिल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है तथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




# पाठक संघ ने पूर्व राष्ट्रपति की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा भारत में प्राप्त की और एक आदर्श शिक्षक बने उनके जन्म दिवस को भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्हें भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त है इसके पश्चात वे भारत के द्वितीय राष्ट्रपति बने। वे भारतीय संस्कृति के वाहक, प्रख्यात शिक्षा विद,महान दार्शनिक और एक आस्थावान हिंदू विचारक थे। इन्हीं गुणों के कारण सन 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया। डॉ. राधाकृष्णन ने भारतीय दर्शन को दुनिया भर में प्रसिद्ध किया। वे ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में भी प्रोफेसर रहे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण पुस्तक लिखी उनका मानना था कि शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव है। उन्होंने देश के विकास में शिक्षा और नैतिक मूल्यों के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि ज्ञान विनम्रता और सच्चाई से ही महानता प्राप्त होती है 17 अप्रैल 1975 में उनका स्वर्गवास हो गया। कार्यक्रम के दौरान 2 मिनट मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर वाचनालय प्रभारी सतीष शिल्पकार, कैलाश नेमा, टीपू सोलंकी, बलराम , शौर्य शर्मा सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।




### शाम के समय लगा जाम

**गंजबासौदा।** शनिवार को शाम के समय नगर के सबसे व्यस्ततम पचमा बायपास मार्ग पर भारी वाहनों के फंस जाने से जाम लग गया। जिससे सड़क के दोनों ओर दो पहिया, चार पहिया, ट्रेक्टर,ट्राली सहित अन्य वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गईं। देर तक जाम न हटने से वाहन चालक और पैदल राहगीर परेशान होते रहे एवं जाम हटने का इंतजार करते रहे। ज्ञात हो कि इस मार्ग पर प्रतिदिन जाम लग रहा है।

# किसान लगा रहे खेतों की नरवाई में आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विकासखंड के ग्राम बिजरौटा के समीप बेतवा घाट किनारे किसान खेतों में नरवाई जला रहे हैं। बीती रात लगी आग की लपटें और धुआं तीन से चार किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रहा था। आग इतनी विकराल थी कि यह एक खेत से दूसरे खेत तक फैल गई। इलाके में नरवाई जलाने की जानकारी के बाद भी प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। भीषण आग के कारण रात के समय आसपास के क्षेत्र में गर्मी बढ़ गई। स्थानीय निवासी शशि प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि नरवाई जलाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे रात में गर्मी बढ़ रही है। नरवाई की राख और जले हुए अवशेष तेज हवाओं के साथ उड़कर लोगों के घरों तक पहुंच रहे हैं। फसल कटाई लगभग पूरी हो चुकी है। आरोप है कि नरवाई में जानबूझकर आग लगाई जा रही है, और बाद में किसान इसे अज्ञात कारणों से हुई घटना बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। एक खेत में लगी आग दूसरे खेतों तक फैलने से बड़े पैमाने पर आगजनी का खतरा बना हुआ है। एक ओर नरवाई में आग लगाए जाने के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर एसडीएम अनुभा जैन लगातार लोगों को नरवाई न जलाने के प्रति जागरूक कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया जा रहा है। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद नरवाई जलाने का सिलसिला जारी है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि किसानों को जागरूक किया जा रहा है, लेकिन यदि इसके बाद भी नरवाई में आग लगाई जाती है, तो मौके पर टीम भेजकर जांच की जाएगी और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

# बेतवा नदी में डूबे युवक का शव मिला

न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कुरावद स्थित बेतवा घाट पर शुक्रवार शाम नदी में डूबे एक युवक का शव शनिवार दोपहर बरामद कर लिया गया। युवक की पहचान जरोद गांव निवासी रविंद्र दांगी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया। पुलिस को शुक्रवार शाम युवक के नदी में डूबने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया, लेकिन अंधेरा होने के कारण इसे रोकना पड़ा। शनिवार सुबह एसडीआरएफ की टीम और गोताखोरों ने फिर से तलाशी अभियान शुरू किया। लगभग चार घंटे बाद दोपहर लगभग 1 बजे गोताखोरों को नदी में युवक का शव मिल गया। शव की पहचान रविंद्र दांगी के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। इस संबंध में देहात थाना टीआई मनोज दुबे ने बताया कि शव के पीएम के बाद आगामी कार्रवाई की जा रही है।



### निहारिका पंथी ने प्रदेश में 9वां, शैलेंद्र कश्यप ने जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

# रतनबाई के छात्रों ने राज्य व जिला मेरिट लिस्ट में लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में श्रीमती रतनबाई जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। विद्यालय ने न केवल शत-प्रतिशत परिणाम की परंपरा को कायम रखा, बल्कि राज्य और जिला स्तर की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के शैक्षणिक गौरव में चार चाँद लगाते हुए कक्षा 10 वीं की छात्रा निहारिका पंथी पुत्री रिषिकांत पंथी ने 98.20% अंक प्राप्त कर संपूर्ण मध्य प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 9 वां स्थान हासिल किया है। शैलेन्द्र कश्यप ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 97.60% अंकों के साथ जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 10 वीं के अन्य विद्यार्थियों में तनीशा मीणा 96.4%, कुमुद यादव 94.8%, अक्षिका मलैया 94.6%, प्रणव रैकवार 96%, अलिश्वा कुरैशी 93.6%, कुंशिका नामदेव 93.4%, लक्ष्मी अवस्थी 92.8%, प्रिंस सेन 91.8%, तनीशा विश्वकर्मा 91.8% ने उत्तम अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी मेहनत का परिचय दिया। कक्षा 12 वीं के परिणामों में रिषिका रघुवंशी पुत्री रविन्द्र सिंह रघुवंशी ने 92.8% के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक क्षमता का प्रदर्शन किया। उनके साथ ही वैष्णवी कुर्मी, गौरी शर्मा, आदिती पवांर, ममता कुशवाह, रोनक मीणा, पृथ्वी गुप्ता, लक्ष्मी मीणा, श्रृष्टि कुर्मी, मंशा नेमा, याशिका नामदेव ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गौरवपूर्ण सफलता प्राप्त की।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेशचंद्र शाह, उपाध्यक्ष माधुरीबेन शाह, सचिव मयंक टांक एवं प्राचार्य बृजेश कुमार रिछारिया सहित समस्त शिक्षकगणों ने सफल छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को पुष्पहार पहनाकर और मिष्ठान खिलाकर उनका अभिनंदन किया। विद्यार्थियों को भविष्य के लिए प्रोत्साहित करते हुए प्रबंधन समिति ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। प्राचार्य रिछारिया ने बताया की प्रतिभाशाली और मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी उच्च शिक्षा और निरंतर प्रगति के लिए विद्यालय द्वारा विशेष स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी, ताकि आर्थिक बाधाएं उनकी सफलता की राह में रोड़ा न बनें। कार्यक्रम के अंत में, प्रबंध समिति और शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल और स्वर्णिम भविष्य की मंगल कामना करते हुए इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट विश्वास को दिया है। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टॉफ, छात्र, छात्राऐं एवं पालकगण मौजूद रहे।






## स्कूल वाहनों की जांच, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए गए रेडियम रिफ्लेक्टर

# यातायात पुलिस ने चेकिंग में 20 वाहनों पर की चालानी कार्रवाई

### *नियम पालन जुर्माने से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपने व परिवार की सुरक्षा के लिए करें : यातायात प्रभारी*





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी सिरोंज सुश्री सोनू डाबर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय एवं यातायात प्रभारी रितेश बघेला द्वारा संयुक्त रूप से विशेष जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया गया।

### सड़क सुरक्षा के लिए बुनियादी सुधार कार्य

यातायात पुलिस द्वारा एमपीआरडीसी के सहयोग से नगर के रोहिलपुरा-पामाखेड़ी तिराहे पर साइन बोर्ड एवं रोड स्टड स्थापित कराए गए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। वही अभियान के दौरान स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्कूल बसों एवं वैनों की गहन जांच की गई। जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट एवं सुरक्षा मानकों (प्राथमिक उपचार किट, अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन खिड़की) का निरीक्षण किया गया तथा वाहन चालकों को क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाने के निर्देश दिए गए।

### ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम एवं जनजागरुकता का संदेश दिया

इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा मंडी क्षेत्र में किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। पुलिस द्वारा किसानों एवं ट्रॉली निर्माताओं से अपील की गई कि वे ट्रॉलियों पर अनिवार्य रूप से रेडियम पट्टी लगवाएं, जिससे रात्रिकाल में वाहन दूर से दिखाई दें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। नाबालिग चालकों के परिजनों को मौके पर बुलाकर समझाइश दी गई तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने की सख्त चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 9300 रूपये का शमन शुल्क वसूला गया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी रीतेश बघेला द्वारा आम नागरिकों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं राह-वीर योजना, कैशलेस उपचार योजना एवं हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। वही उन्होने आम नागरिको से अपील करते हुए यातायात नियमों का पालन केवल जुर्माने से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए करें।


**बैंक सुरक्षा पर पुलिस का कड़ा एक्शन, पुलिस द्वारा चलाया जा रहा व्यापक रिव्यू अभियान**

## बैंकों में डकैती व एटीएम कटिंग जैसी घटनाओं के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने जारी किए निर्देश



**सिरोंज।** नगर की बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर,थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय ने नगर की बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक रिव्यू किया गया। हाल ही में डकैती एवं एटीएम कटिंग जैसी घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए यह विशेष अभियान संचालित किया गया। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था का सघन निरीक्षण करते हुए प्रत्येक बैंक का भौतिक निरीक्षण कर सुरक्षा के सभी आवश्यक मापदंडों की जांच सुनिश्चित की गई। निरीक्षण के दौरान गार्ड की उपस्थिति एवं ब्रीफिंग, अलार्म सिस्टम की कार्यशीलता, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, कैश व जेवरों के सुरक्षित भंडारण हेतु चेस्ट/लॉकर, विद्युत आपूर्ति एवं जनरेटर व्यवस्था, इमरजेंसी संपर्क नंबर एवं डबल गेट सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं का चेकलिस्ट के आधार पर परीक्षण किया गया। वही बैंक मैनेजरों व सुरक्षा गार्डों के संपर्क नंबरों की अद्यतन सूची तैयार की गई। साथ ही, जिन बैंकों में सुरक्षा मापदंड अधूरे पाए गए, उन्हें लिखित रूप से सूचित कर आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया। बैंकों के साथ सतत संवाद एवं समन्वय के लिए क्षेत्रवार व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गए एवं बैंक प्रबंधकों के साथ बैठकें आयोजित की गईं।

## ऑपरेशन मुस्कान : सिरोंज पुलिस ने नाबालिग को किया जोधपुर, राजस्थान से सकुशल दस्तयाब




**सिरोंज।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में सतत रूप से ऑपरेशन मुस्कान अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सुश्री सोनू डावर के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस थाना सिरोंज में 13 मार्च को फरियादी द्वारा अपनी लगभग 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने संबंधी रिपोर्ट में दर्ज कराई गई। जिस पर अपराध क्रमांक 112/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में गठित पुलिस टीम द्वारा सतत पतारसी एवं तकनीकी/भौतिक साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर 16 अप्रैल को नाबालिग बालिका को जोधपुर (राजस्थान) से सकुशल दस्तयाब किया गया। तत्पश्चात बालिका के माननीय न्यायालय में कथन कराए जाकर उसे विधिवत परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक विमलेश कुमार राय, उप निरीक्षक राजेशदोहरे,प्रधान आर.रविंद तोमर,आरक्षक शशांक पाठक एवं महिला आरक्षक सोनम जैन की विशेष भूमिका रही।

## सेंट जोसेफ कॉन्वेट के 10वीं-12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यार्थी सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के लिंक रोड स्थित सेंट जोसेफ कांवेट हायर सेकेण्ड्री स्कूल का कक्षा 10वी -12वी का रिजल्ट इस वर्ष भी 100 प्रतिशत रहा। वही विद्यालय के छात्र राम रघुवंशी ने 460/500 अंक प्राप्त कर 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गणित संकाय के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही विवेक धाकड़ 82.4 प्रतिशत,अभिजीत धाकड़ 82 प्रतिशत,अंकित अहिरवार 80.4 प्रतिशत,मुस्कान बघेल ने 74.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। इस के साथ विद्यालय का कक्षा 10वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम भी शानदार रहा। जिसमें छात्रा कु. स्नेहा राठौर ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राधिका दांगी 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं सुहानी बघेल ने 83.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर सभी बच्चों का समस्त स्टाफ की तरफ से पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं प्रषित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य नीरज कुमार सक्सेना द्वारा विद्यालय के समस्त स्टाफ को महनत एवं लगन से बच्चों को पढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया एवं सभी को बधाई दी। वही विद्यालय के संचालक विनोई माइकल एवं प्राचार्य नीरज कुमार सक्सेना ने बच्चों को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया एवं भविष्य में निरंतर अच्छे अंको से सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा एवं आशीर्वाद दिया। जिसमें छात्रों के पालक भी मौजूद रहे। पालको ने अनुभवी शिक्षकों द्वारा पड़ाने की तारीफ की।

## जैन समाज की बेटी स्वसित ने सीबीएसई बोर्ड में हासिल किए 90 प्रतिशत अंक

### जैन समाज व आईजा करेगी समाज की बेटी का सम्मान



**सिरोंज।** नगर की प्रसिद्ध व प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान निर्मला कांवेट हायर सेकेण्ड्री स्कूल में अध्ययनरत नगर के वरिष्ठ समाजसेवी नितिन जैन की पुत्री कु स्वस्ति जैन ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वी की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक अर्चित कर अपने परिवार व जैन समाज का गौरव बढाया। उल्लेखनीय है कि स्वस्ति जैन के माता-पिता दोनो ही पोस्ट ग्रेजुएट है। वही उनके दादा विजय कुमार जैन एडवोकेट है। साथ ही स्वस्ति के ताऊ नीलेश कुमार जैन आई,आई इंदौर में प्रोफेसर है वही उनकी बडी बहन नम्या जैन एआईएमएस गोरखपुर में एम,बी,बी,एस में अध्ययनत है। हरिभूमि से चर्चा करते हुए स्वस्ति जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कठोर परिश्रम एंव नियमितता को दिया। साथ ही उन्होने अपनी सफलता के बारे में हुए कहा कि सफलता का सही मतलब है कि अपने गुरूओं के बताये मार्ग पर चलना जैसे कि सुबह जल्दी उठना,नियमित 3 से 4 घंटे पढाई करना नियम से रोज स्कूल जाना,समय पर होमवर्क करना आदि है।

## न्यायालय परिसर में नवनिर्मित मध्यस्थता केंद्र भवन का लोकार्पण



**सिरोंज।** न्यायालय परिसर में नवनिर्मित मध्यस्थता केंद्र भवन का लोकार्पण न्याय मूर्ति संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधिपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक मध्य प्रदेश विधिक राज्य सेवा प्राधिकरण के कर कमलो एवं माननीय न्यायमूर्ति विवेक रूसिया प्रशासनिक न्यायाधिपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में एवं माननीय न्यायमूर्ति आनंद सिंह बहरावत न्यायाधिपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं पोर्टफोलियो जज विदिशा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मध्यस्थता भवन के लोकार्पण में शेख सलीम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा धरमिंदर सिंह रजिस्टर जनरल मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर सुमन श्रीवास्तव सदस्य सचिव मध्य प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर,अभिभाषक संघ सिरोंज के अध्यक्ष कपिल त्यागी एवं जिला प्रथम न्यायाधीश विजय कुमार,न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मोना शुक्ला पांडे,न्याय दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी श्रीमती अंकिता जैन के द्वारा किया गया। वही मध्यस्थता केंद्र मीडिएशन सेंटर के भवन का उद्घाटन जिला न्यायाधीश सलीम शेख द्वारा किया गया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ सिरोंज के अध्यक्ष कपिल त्यागी,उपाध्यक्ष सचिन शर्मा,सचिव हेमेंद्र श्रीवास्तव,मीडिया प्रभारी अशोक शर्मा,अशोक कुमार निगम, एडवोकेट प्रवेंद्र दांगी सहित न्यायालय परिवार उपस्थित रहा।

## सीआईएसटी कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट, दस छात्रों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सीआईएसटी कॉलेज में शिवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट में सिंधुजा माइक्रोक्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने सहभागिता की। कंपनी की ओर से एचआर मयंक शर्मा की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया संपन्न हुई।

प्लेसमेंट ड्राइव में बीए, बीबीए एवं बीकॉम सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। चयन प्रक्रिया में समूह चर्चा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार जैसे चरण शामिल रहे। बड़ी संख्या में छात्रों ने इस अवसर का लाभ उठाया, जिनमें से 10 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन टीसीओ एवं टीआरओ पदों के लिए किया गया। चयनित विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल रहा, वहीं अन्य प्रतिभागियों को भी मूल्यवान अनुभव प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के संचालक आनंद शरण ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दीं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रभारी राहुल विश्वकर्मा एवं जितेंद्र कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शशि दांगी, अनुका सोनी एवं समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## 74 शराब दुकानों की नीलामी प्रक्रिया पूरी शासन को 380 करोड़ रुपए राजस्व मिला

### गत वर्ष की तुलना में इस साल 30 करोड़ अधिक दर पर नीलाम हुई दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकानों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल गुप्ता के निर्देशन में यह कार्यवाही हुई, जिसमें जिले की कुल 74 कम्पोजिट शराब दुकानों को नीलाम किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक ने बताया कि निष्पादन की प्रक्रिया 23 चरणों में पूरी की गई। उन्होंने बताया कि गतवर्ष जिले की समस्त मदिरा समूह दुकाने 250 करोड में नीलाम हुई थी जो इस वर्ष 30 करोड़ रुपए अधिक में नीलामी प्रक्रिया संपादित हुई है। इस वर्ष जिले की सभी 74 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का निष्पादन 380 करोड़ रुपए में हुआ है। जिले में उपरोक्त नीलामी प्रक्रिया की कार्यवाही को पारदर्शिता एवं नियमानुसार संपादित किया गया, जिससे निर्धारित समयसीमा में सभी दुकानों का सफलतापूर्वक निष्पादन सुनिश्चित हो सका। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप शासन को लगभग 380 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।


यह राजस्व राज्य शासन की आय में वृद्धि के साथ-साथ विकास कार्यों को गति देने में सहायक सिद्ध होगा। आबकारी विभाग द्वारा निष्पादन प्रक्रिया के दौरान सभी आवश्यक नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। साथ ही पूरी प्रक्रिया को सुचारू एवं निष्पक्ष बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर मॉनिटरिंग भी की गई।

## पीएमश्री कन्या हासे की छात्राओं ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद







पीएमश्री गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल शमशाबाद की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया है।

कक्षा 12वीं में छात्रा रुचि धाकड़ ने कला संकाय में 90.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें शासन की ओर से स्कूटी एवं लैपटॉप प्रदान किया जाएगा। वहीं भारती यादव ने 88.4% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय की छात्रा प्राची शर्मा ने 87.8% अंक प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया। कक्षा 10वीं में ओसी जाटव ने 94% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि राधिका राजपूत ने 91.2% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का कक्षा 12वीं एवं कक्षा 10वीं का परिणाम 82-82 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 43 छात्राओं को मध्य प्रदेश सरकार की योजना के अंतर्गत लैपटॉप प्रदान किया जाएगा। विद्यालय शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के श्रेष्ठ विद्यालयों में शामिल है। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य संजेश किरार, मांगीलाल माहेश्वरी, कमलेश सेन, रमेश आर्य, संतोष शर्मा, रिया साहू, प्रकाश झा, राजेश नामदेव, राहुल राय, अमित नामदेव,मंजू राजपूत, नीलू राजपूत, तनु साहू एवं समस्त शिक्षकों ने छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## सातवीं लघु सिंचाई गणना व दूसरी जल निकायों की गणना कार्य तीस तक पूर्ण कराने के निर्देश

**विदिशा।** संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा सातवीं लघु सिंचाई गणना एवं दूसरी जल निकायों की गणना के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में कार्य की गति को और तेज करने तथा समयसीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया गया। संचालक ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह कार्य शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 30 अप्रैल तक उक्त गणना कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए। सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्र के पटवारियों से समन्वय बनाए रखें तथा कार्य की प्रगति की समीक्षा करें।

## दीवार लेखन कर बालिकाओं ने दिया सशक्तिकरण का संदेश

**विदिशा।** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत स्टेडियम रोड में एक प्रेरणादायी दीवार लेखन एवं संदेश लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रात: 8 बजे से प्रारंभ हुआ। गौरतलब हो कि 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाए जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए खेल परिसर की दीवारों पर महिला सशक्तिकरण से जुड़े प्रभावशाली स्लोगन लिखे। साथ ही, नारी शक्ति को समर्पित आकर्षक पेंटिंग्स बनाकर समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया। इस अवसर पर उपस्थित जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं में महिला सम्मान, समानता और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बालिकाओं के उत्साह और सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में संतोष रघुवंशी, ज्योति ठाकुर, सपना शर्मा, लक्ष्मीनारायण पटेल, ऋषभ विश्वकर्मा, अजय चैहान, योगेश धुर्वे, संतोष शाक्य, सोनू शाक्य आदि मौजूद रहे।

## स्व. राजकुमार जैन की 36वीं पुण्यतिथि पर सेवा कार्यक्रम आज

**विदिशा।** अभिभाषक, रंगकर्मी और कवि स्व. राजकुमार जैन की पुण्यतिथि आज मनाई जाएगी। उनके निधन को 36 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। उनके मित्रों और सहयोगियों द्वारा गठित राजकुमार स्मृति न्यास विगत 35 वर्षों से उनकी स्मृति में विधिक सेमिनार एवं साहित्यिक विधाओं पर केंद्रित विविध कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है। इस वर्ष स्मरण दिवस पर आज रविवार सुबह 11 बजे न्यास के सदस्य मानव सेवा न्यास में गरीब, असाध्य एवं असक्त व्यक्तियों को भोजन कराएंगे तथा श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

## शासकीय हाई स्कूल डंगरवाड़ा का 10वीं कक्षा का परिणाम 100% रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

ग्राम डंगरवाड़ा के शासकीय हाई स्कूल के कक्षा 10वीं परीक्षा परिणाम में इस वर्ष भी शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है।

विद्यालय ने लगातार पिछले दो वर्ष की उपलब्धि को दोहराते हुए इस वर्ष भी 100% परिणाम दर्ज किया।इस वर्ष 89% छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में तथा 11% द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष यह विद्यालय नटेरन विकासखंड में 100% परिणाम देने वाला एकमात्र विद्यालय रहा था, जिसमें 79% विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में सफल हुए थे। इस बार प्रथम श्रेणी के परिणाम में स्पष्ट वृद्धि देखी गई है। विद्यार्थीः सायदान खान 88.6%, सूर्यप्रकाश धाकड़ 86.2%, कु. सानिया बानों 81.8%, अंकित अहिरवार 75.2%, रोनिका धाकड़ 71.4%, रोनक सेन 69.8%, सुरक्षा धाकड़ 69.2%, गुडिया धाकड़ 68.8%, पूनम धाकड़ 67.6% एवं कु. खुशी धाकड़ 66% शामिल हैं। विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम से विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं में उत्साह का माहौल है। इस उपलब्धि पर ग्राम सरपंच मुकेश मेहर, संतोष धाकड़, नवाब खान, बबलू अहिरवार सहित अनेक ग्रामीणों ने विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य मनोज धीरन ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

# करैया गांव में लगी चौपाल, ग्रामीणों और किसानों की समस्याएं सुनीं, नरवाई नहीं जलाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



ग्राम करैया में प्रशासन द्वारा चैपाल का आयोजन कर ग्रामीणों एवं कृषकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं की जानकारी ली तथा उनके निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागों को दिए। चैपाल में किसानों ने सिंचाई, बिजली आपूर्ति, फसल बीमा, राजस्व प्रकरणों सहित अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा तथा संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर किसानों को फसल अवशेष (नरवाई) न जलाने के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नरवाई जलाने से भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है तथा पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचता है। साथ ही यह कानूनी रूप से भी दंडनीय है। किसानों से अपील की गई कि वे वैकल्पिक उपाय अपनाते हुए फसल अवशेषों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करें। चैपाल में ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, विभागों के अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान

**विदिशा।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अंतर्गत शनिवार सुबह मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवा ब्राह्मणों द्वारा रक्तदान और रक्त परीक्षण कराया गया। मानवेन्द्र शर्मा, अभिनय तिवारी गट्टू ने रक्तदान किया। इस अवसर पर उद्योगपति राकेश शर्मा, संजीव शर्मा, विजय दीक्षित, प्रशांत शर्मा, विवेक शर्मा, हेमंत पंडित, सुमित शर्मा, अभिनाश शर्मा, शिव नारायण तिवारी, बागेश मिश्रा, अभिषेक आचार्य, देव स्नोतिया, अजय शर्मा, धीरज शर्मा, मनोज शर्मा, सोहित शर्मा, कार्तिक भार्गव आदि उपस्थित रहे।

### केंद्रों पर नहीं पहुंच रहा बारदाना, सेटेलाइट मैपिंग की भी बनी बड़ी समस्या

# बिना तैयारी शुरू हुई गेहूं खरीदी, तकनीकी खामियों की वजह से परेशान हो रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में इस बार गेहूं उपार्जन की शुरुआत बिना ठोस तैयारी और पर्याप्त व्यवस्थाओं के कर दी गई है, जिसके कारण किसान परेशानियों का सामना कर रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा उपार्जन प्रक्रिया तो शुरू कर दी गई, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की कमी और तकनीकी खामियों ने पूरी व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर दिया है।

सबसे बड़ी समस्या सैटेलाइट इमेज आधारित सत्यापन में सामने आ रही है। किसानों के खेतों की गिरदावरी और सैटेलाइट मैपिंग में अंतर आ रहा है, जिससे कई किसानों का डेटा मेल नहीं खा रहा। परिणामस्वरूप उनका पंजीयन अटक रहा है और वे स्लॉट बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं।

किसानों का आरोप है कि उन्होंने समय पर फसल बोई और गिरदावरी भी सही कराई। इसके बावजूद पोर्टल पर उन्हें असत्यापित दिखाया जा रहा है। हालांकि कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा और राजस्व अधिकारियों की टीम द्वारा रायसेन क्षेत्र के कुछ गांवों के खेतों में पहुंचकर इस खामी को दूर करने के ठोस प्रयास भी किए हैं।

उधर, स्लॉट बुकिंग पोर्टल भी लगातार तकनीकी दिक्कतों से जूझ रहा है। कई बार सर्वर डाउन हो जाता है, तो कभी वेबसाइट खुलती ही नहीं। इससे किसान घंटों साइबर कैफे और कृषक सेवा सहकारी समितियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। कई किसानों का कहना है कि वे तीन-तीन दिन से प्रयास कर रहे हैं, लेकिन स्लॉट बुक नहीं हो पा रहा। खरीदी केंद्रों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है।





### गिरदावरी एप और सैटेलाइट मैपिंग के बीच आ रही समस्या

गिरदावरी एप और सैटेलाइट मैपिंग भी बड़ी परेशानी बन गया है। तकनीकी गड़बड़ियों के कारण कई किसानों की फसल क्षेत्रफल कम या गलत दिख रहा है, जिससे उनकी पात्रता प्रभावित हो रही है। किसान हरिनारायण लोधी, रुद्र प्रताप सिंह, रघुवीर यादव का कहना है कि अगर समय रहते इन खामियों को दूर नहीं किया, तो उन्हें उपज बेचने में नुकसान उठाना पड़ेगा। मामले में प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी समस्या स्वीकार तो कर रहे हैं, लेकिन सुधार की गति धीमी है। किसानों और संबंधित हितधारकों की मांग है कि पोर्टल की तकनीकी खामियां जल्द दूर की जाएं।

### सैटेलाइट सत्यापन में करें सुधार

सैटेलाइट सत्यापन में सुधार किया जाए और खरीदी केंद्रों पर बारदाना व अन्य जरूरी संसाधन तुरंत उपलब्ध कराए जाएं। यदि समय रहते इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं किया, तो गेहूं उपार्जन प्रक्रिया प्रभावित होने के साथ ही किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ सकता है। जिले में उपार्जन व्यवस्था कागजों में भले ही शुरू हो गई हो, लेकिन जमीनी हकीकत अव्यवस्थाओं से घिरी नजर आ रही है।

### मनमानी : कहीं 52 तो कहीं 53 किलो उपज तौल रहे हम्माल

गेंहू खरीदी के लिए बनाए गए केंद्रों पर किसानों से खुलेआम लूट की जा रही है। जब हरिभूमि टीम ने पग्नेश्वर स्थित आशीष वेयर हाउस, श्यामा देवी वेयर हाउस अमरावद, श्रीहरि वेयर हाउस सांचेत पर बनाए खरीदी केंद्रों पर पहुंचकर देखा तो सामने आया कुछ खरीदी केंद्रों पर 50 किलो की बोरी में 52 किलो उपज तौली जा रही थी, तो कहीं 53 किलो की तुलाई की जा रही थी। एक बोरी पर किसानों से 2 से 3 किलो अतिरिक्त गेंहू की तुलाई चल रही है। हम्मालों की मनमानी से किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है।

#### इनका कहना है

हम जल्द ही इन गिरदावरी एप मैपिंग की कमियों को दूर करेंगे। ताकि छोटे बड़े किसानों की स्लॉट बुकिंग आसानी से हो सके।

- **राजू कातुलकर,** फूड अधिकारी रायसेन।

### बारदाना की कमी से आ रही दिक्कत

खरीदी केंद्रों पर समय पर बारदाना उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान फसल बेंचने में परेशान हो रहे हैं। कई केंद्रों पर गेहूं रखने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिससे खरीदी शुरू होने के बावजूद अनाज उठाव में बाधा आ रही है। हालांकि इन खरीदी केंद्रों पर बड़े किसानों और नेताओं से पहुंच रखने वाले किसानों की उपज बिना पंजीयन के ही तुल रही हैं।

### यज्ञ के साथ श्रीशिव महापुराण जारी

## जीवन में सत्संग होना सबसे बड़ा लाभ : पूज्य ब्रम्हचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



नगर की महेशपुरम कॉलोनी में नव निर्मित मंदिर में श्री शिव दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के 7 दिवसीय धार्मिक आयोजन में प्रातः से यज्ञ हवन पू. ब्रम्हचारी जी के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण कथा का पुण्य लाभ धार्मिक श्रद्धालु नर-नारी उठा रहे है।

कथा के द्वितीय दिवस पर पू. संत महामंडलेश्वर विष्णु दत्त जी ब्रम्हचारी जी ने जीवन में सत्संग को सबसे बड़ा लाभ बतलाया, कहा कि संसार में आत्मा सत्य और शरीर मिथ्या नाशवान है। मृत्यु शरीर की होती है, आत्मा से परमात्मा से मिलन ही हमारे जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। कहा कि परमात्मा सच्चिदानंद है, परमात्मा की सृष्टि जीव भी सत चित आनंद स्वरूप है। आत्मा अविनाशी है ज्ञान स्वरूप है। श्रीराम चरित मानस के माध्यम से कहा कि श्रीराम आनंद स्वरूप है शिव महापुराण में यही वर्णन किया गया है कि हम आत्म तत्व और ईश्वर तत्व को जाने। पू. ब्रम्हचारी जी ने विस्तार से नाम जप की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि सभी देवताओं के जप का विधान अलग-अलग है उद्देश्य के अनुसार अलग-अलग प्रकार की मालाओं का वर्णन किया गया है। सही विधान तो सतगुरु ही बता सकते है।

## जनपद पंचायत में एक बगिया मां के नाम प्रशिक्षण आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

शनिवार को जनपद पंचायत के सभा कक्ष में मनरेगा, मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा एक बगिया मां के नाम प्रशिक्षण का आयोजन किया। उक्त प्रशिक्षण उद्यानिकी अधिकारी देवकी मरकाम, मनरेगा से एपीओ लवकेश जसाईवाल, आजीविका मिशन प्रबंधक सुधीर सोनी द्वारा प्रशिक्षण दिया। एक बगिया मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण के रखरखाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया, जिसमें स्व सहायता समूह की महिला हितग्राही उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण में बताया कि बगिया के प्रबंधन में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे और पौधों की देखरेख एक बच्चे की तरह करें, पौधों को समय समय पर जिस भी चीज की आवश्यकता हो उसे पूर्ण करे। अधिकारियों ने कहा कि जब भी हमारी आवश्यकता हो हमसें सम्पर्क कर पौधों को सुरक्षित करें।

इस दौरान प्रशिक्षण में स्व सहायता समूह की महिला हितग्राही बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

## लापरवाही : धराशायी खंभे पर लटक रहे बिजली के खुले तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के ग्राम सेमरा में बड़ी लापरवाही सामने आई है। पीएमश्री हाई स्कूल के पास एक सप्ताह पहले भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बिजली का खंभा धराशाई हो गया था, लेकिन 8 दिन बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय निवासी सुनील सेन ने बताया कि हादसे के बाद खंभा जमीन पर ही पड़ा हुआ है और बिजली के तार खुले में लटकते हुए जमीन पर फैले हुए हैं। चिंताजनक बात यह है कि इन तारों में लगातार 24 घंटे करंट दौड़ रहा है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। यह रास्ता गांव के लोगों के साथ-साथ स्कूल जाने वाले बच्चों का मुख्य मार्ग है।



रोजाना सैकड़ों बच्चों और ग्रामीणों का यहां से आना-जाना होता है, लेकिन बिजली विभाग की उदासीनता के चलते सभी की जान जोखिम में पड़ी हुई है

खुले बिजली तार और गिरे खंभे के कारण यहां करंट फैलने का खतरा बना हुआ है। यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं किया तो यह लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

### लव जिहाद के विरोध में विहिप व बजरंग दल का प्रदर्शन, सख्त कानून की मांग

**रायसेन।** लव जिहाद और धर्मांतरण के मामलों को लेकर शनिवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इस मुद्दे पर सख्त कानून बनाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि प्रदेश में कथित लव जिहाद और अवैध धर्मांतरण की घटनाएं लगातार तेजी से बढ़ रही हैं। इन घटनाओं पर रोक लगाने कठोर और प्रभावी कानून लागू करने की आवश्यकता बताई गई।

### नगर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर...

## थाना प्रभारी ने किया बैंकों का निरीक्षण, कैमरों को भी परखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस निरंतर बैंकों का निरीक्षण कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी सहित एएसआई सुनील शर्मा, प्रधान आरक्षक सुरेश बघेल, पुष्पेंद्र राजपूत ने नगर के भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा दीवानगंज और इंडसइंड बैंक का आकस्मिक निरीक्षण किया। और सुरक्षा और व्यवस्थाओं के बारे में बैंक अफसरों से चर्चा की और खाताधारकों को भी समझाइश दी।

पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की वजह से सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। कोई घटना घटे इससे पहले ही पुलिस ने बैंकों पर सतत निगरानी रखना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता



के निर्देश पर जिले भर में सभी बैंकों एवं वित्तीय प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं संचालकों को निर्देश देने बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरे हमेशा चालू रखने और जिन बैंकों में नहीं लगे हैं वहां लगवाने की हिदायत दे रहे हैं।

उन्होंने सभी बैंकों के अफसरों से सुरक्षा व्यवस्था संबंधी चर्चा उपरांत जिन बैंकों में सीसीटीवी कैमरे नहीं है वहां उन्हें तत्काल लगवाने और बैंक हितग्राहियों को सुरक्षा से राशि निकालने व जमा करने के निर्देश दिए।

## नप के सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर दूसरी बार सौंपा ज्ञापन

### सफाई कर्मियों ने कहा- मांगे हो पूर्ण, अन्यथा 20 से सफाई कार्य बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मचारियों द्वारा एक सप्ताह पूर्व नप सीएमओ और तहसीलदार को अपनी मांगो, समस्याओं को हल करने ज्ञापन सौंपा गया था। समस्याओं का समाधान न होने पर दूसरी बार मांगो से संबंधित ज्ञापन सोंप कर 2 दिवस में निराकरण न होने पर 20 अप्रैल से नगर का साफ-सफाई कार्य बंद करने की लिखित में चेतावनी दी गई।

सफाई कर्मचारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में 5 मांगो का उल्लेख किया गया, जिसमें सभी सफाई कर्मचारियों को 1 से 5 तारीख के बीच वेतन भुगतान, सम्पूर्ण वकाया एरियर राशि का भुगतान, कर्मचारियों का एनपीएस/ ई-पीएफ की राशि सफाई कर्मचारियों के खातों में जमा करने, रेगूलर एवं विनियत सफाई कर्मचारियों को दूसरे शनिवार का अवकाश दिए जाने की मांग बनी हुई है।



#### इनका कहना है

6 अप्रैल को 5 प्रमुख मांगो के संबंध में सीएमओ, तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर 7 दिन में समाधान का आग्रह किया था। अब पुन: ज्ञापन देकर 2 दिन में समाधान न होने पर 20 अप्रैल से साफ-सफाई कार्य बंद करने की लिखित सूचना दी है।

- **दिनेश डागौर,** तहसील अध्यक्ष सफाई कर्मचारी संघ

### अपर जिला सत्र न्यायाधीश मालवीय को दी विदाई

## न्यायाधीश और वकीलों का नजरिया अलग-अलग होता है : मालवीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

अपर सत्र जिला न्यायाधीश अमित कुमार मालवीय का सीधी ट्रांसफर होने पर अभिभावक संघ द्वारा विदाई समारोह अयोजित कर सम्मान के साथ भावपूर्ण विदाई दी गई। सीधी जाने से पूर्व श्री मालवीय ने शनिवार को अंतिम कार्य दिवस पूर्ण किया।

अभिभावक संघ द्वारा एडीजे कोर्ट में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान समारोह पूर्वक विदाई दी गई। अभिभावक संघ अध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान एवं सभी अधिकारियों द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर अपर सत्र न्यायाधीश मालवीय ने लगभग एक वर्ष के कार्यकाल का स्मरण करते हुए सौहार्द पूर्ण माहौल, बेंच और बार के बीच समन्वय का



जिक्र किया। मालवीय ने कहा कि अगली पदस्थापना में वारीयता बरेली का नाम प्रथम होगा।

विदाई समारोह में न्यायाधीश श्री मालवीय ने कहा कि वकील और न्यायाधीश का फाइलें देखने का अलग-अलग नजरिया होता है। वह एक दूसरे के विरोधी नहीं होते न्यायाधीश का कार्य न्याय की दृष्टि से प्रत्येक प्रकरण देखना है। वकील का कार्य सिर्फ उसके मुवक्किल द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार उसे देखना होता है।

कार्यक्रम में विशाल सिंह ठाकुर, प्रेम सिंह धाकड़, राजेश श्रीवास्तव, सहित अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही। संचालन योगेंद्र तिवारी एवं आभार अखिल खरे ने व्यक्त किया।

## मेधावियों ने लहराया परचम, सांदीपनि विद्यालय बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर के शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए बोर्ड परीक्षा परिणामों में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन से कक्षा 10वीं में वैशाली चौहान ने 93 प्रतिशत, कृष्णकुमार ने 91 एवं कक्षा 12वीं में मानसी कीर ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय का परीक्षा परिणाम न केवल क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, बल्कि इसने सरकारी स्कूलों के प्रति जनमानस के विश्वास को और सुदृढ़ किया है।

विज्ञान शिक्षक अजय शर्मा एवं गणित शिक्षक बृजेश साहू के मार्गदर्शन एवं विशेष रणनीति से विज्ञान और गणित जैसे कठिन विषयों में छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय








### यह सफलता परिश्रम व मार्गदर्शन का संगम

विद्यालय के प्राचार्य ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने बताया सत्र के दौरान नियमित टेस्ट, एक्स्ट्रा क्लासेस व कमजोर विषयों पर निदानात्मक कक्षाओं से विशेष ध्यान देने की रणनीति ने इस परिणाम को संभव बनाया है। हमारे विद्यार्थियों ने सिद्ध कर दिया है कि यदि संकल्प दृढ़ हो और सही दिशा में प्रयास किया जाए, तो संसाधनों की कमी सफलता के आड़े नहीं आती।

के 55 छात्रों ने कक्षा 10 में प्रथम श्रेणी अंक प्राप्त किए हैं। एवं कक्षा 12 के 80 छात्रों ने प्रथम श्रेणी अंक प्राप्त किए। वहीं लैपटाप योजना के अंतर्गत स्कूल के 14 छात्रों का चयन भी हुआ है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से उत्साहित विद्यालय प्रबंधन ने आगामी सत्र के लिए और भी बेहतर शैक्षणिक योजनाएं तैयार करने का निर्णय लिया है, ताकि बाड़ी के छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपनी पहचान बना सकें।

छात्रों की इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों और नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा 13 सूत्रीय मांग पत्र ...

### 41 डिग्री तापमान में बजरंग चौराहा पर जुटे किसान और कांग्रेसी

## किसानों की मांगों को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल, तेज गर्मी में धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को नगर के बजरंग चौराहा पर हल्ला बोल धरना प्रदर्शन किया गया। भीषण गर्मी और लगभग 41 डिग्री तापमान के बावजूद बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए। कार्यक्रम विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेंद्र पटेल की विशेष उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसमें किसानों की समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया गया।

इससे पहले आमसभा में विधायक देवेंद्र पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय पटेल, नगर अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, आशीष कुमार, बीरेंद्र रघुवंशी, इमरान खान कुवंर धर्मवीर सिंह, राजीव रघुवंशी, नीलमणि शाह, आशीष खरोत, अंकित रघुवंशी सहित कई नेताओं ने सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। सभा में नेताओं ने विशेष रूप से किसानों की आय बढ़ाने के दावों पर सवाल उठाए और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किसानों की आय कई गुना बढ़ने के दावे को जमीनी हकीकत से दूर बताया। उन्होंने कहा कि किसान आज भी अपनी उपज का उचित मूल्य पाने और समय पर भुगतान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विधायक देवेंद्र पटेल ने मंच से प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि 20 अप्रैल से दो हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले किसानो के गेंहू की स्लॉट बुक नही की गई तो जिले भर में अनिश्चित कालीन आंदोलन किया जाएगा।

कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल के नाम 13 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौंपा। गांधी चौक पर एसडीएम को दिए गए मांग पत्र में गेहूं खरीदी में देरी और स्लॉट बुकिंग की समस्या का समाधान करने, किसानों का ब्याज माफ कर ऋण से मुक्ति देने तथा प्रति एकड़ 20 क्विंटल गेहूं की एमएसपी पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अलावा उपज का भुगतान सात दिनों के भीतर करने, सभी खरीदी केंद्र तत्काल शुरू करने और वहां पर्याप्त बारदानों की व्यवस्था करने की भी मांग की गई।

#### फैक्ट फाइल

- विरोध प्रदर्शन में विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेंद्र पटेल भी हुए शामिल
- वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर साधे निशाने, लगाए कई आरोप
- समस्याओं को निराकरण जल्द करने रखी मांग




### चना-मसूर की भी एमएसपी पर सुनिश्चित की जाए खरीदी

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि गेहूं की तौल धर्म कांटों से कराई जाएए सोसायटी भुगतान की समय सीमा बढ़ाई जाए तथा चना और मसूर की भी एमएसपी पर खरीदी सुनिश्चित की जाए। किसानों को प्रतिदिन 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने, खाद केंद्रों पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने और मूंग खरीदी के पंजीयन को सरल बनाने की मांग भी रखी गई। कार्यक्रम का संचालन अजय पटेल ने किया। अंत में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं और किसानों ने सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए मांगों के शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई।